दिनांकः 01.05.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट–वेव्स का उद्‌घाटन किया–उन्होंने इस आयोजन को भारत के एनीमेशन और ग्राफिक्स उद्योग के लिए महत्वपूर्ण अवसर बताया।
- अजमेर के एक होटल में आग लगने से चार लोगों की मृत्यु–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे में झुलसे लोगों को हर संभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।
- केन्द्र सरकार ने इस साल अब तक दो करोड़ 56 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की।
- प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों में भीषण गर्मी और लू के हालात–दोपहर बाद कुछ जिलों में आंधी और बूंदाबांदी।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश फिल्म निर्माण, डिजिटल कंटेंट, गेमिंग, फैशन, संगीत और लाइव कॉन्सर्ट के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में उभर रहा है। श्री मोदी ने मुंबई में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट–वेव्स के उद्‌घाटन के अवसर यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के एनीमेशन और ग्राफिक्स उद्योग के लिए महत्वपूर्ण अवसर है।

............

प्रधानमंत्री ने भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था की अपार संभावनाओं पर बल देते हुए कहा कि आगामी वर्षों में देश के सकल घरेलू उत्पाद में इसका योगदान बहुत बढ़ जाएगा।

............

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय फिल्में अब विश्व के कोने–कोने तक पहुंच रही हैं और सौ से अधिक देशों में प्रदर्शित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि देश में ओ टी टी क्षेत्र में उल्लेखनीय बढोतरी हुई है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अजमेर के एक होटल में आग लगने की घटना में हुई जनहानि पर दुख जताया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शर्मा ने कहा कि घायलों को हर संभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्रशासन से घटना की जानकारी ली। उन्होंने घटना की जांच कर भविष्य में ऐसी घटना नहीं हो, इसके लिए उचित कदम उठाने के निर्देश भी दिए।

............

गौरतलब है कि अजमेर के डिग्गी बाजार में आज सुबह एक होटल में लगी आग में झुलसने से चार लोगों की मृत्यु हो गयी। हादसे में चार अन्य झुलसे लोगों का सरकारी अस्पताल में इलाज जारी है। इनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। पांच मंजिला इस होटल में जायरीन ठहरे हुए थे। कुछ ही समय में आग पूरे होटल में फैल गई।

000

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की जांच के लिए दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। न्यायालय ने चेतावनी दी कि इस तरह के कदम समय पर सशस्त्र बलों का मनोबल गिरा सकते हैं। शीर्ष अदालत ने मुद्दे की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए याचिकाकर्ता से याचिका वापस लेने को कहा।

000

राजधानी जयपुर स्थित राजभवन में आज गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा और हिमाचल प्रदेश का स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने इन राज्यों के स्थानीय निवासियों से संवाद कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। श्री बागडे ने इन राज्यों के इतिहास और संस्कृति की चर्चा

करते हुए कहा कि यहां के लोगों ने सभी परिस्थितियों में अपनी परम्पराओं को कायम रखा है। राज्यपाल ने स्थानीय निवासियों से अपने प्रांत, जिले और ग्राम से निरंतर लगाव रखने, जड़ों से जुड़े रहने और वहां के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने ओडिशा राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए वहां की संस्कृति और राजस्थान में ओडिशा वासियों के योगदान की चर्चा की।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने आज प्रतापगढ़ में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को सरकारी योजनाओं का समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज रेलवे के अधिकारियों के साथ कोटा और डकनिया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इन स्टेशनों का साढे तीन सौ करोड़ रुपये की लागत से कायाकल्प किया जा रहा है। इस मौके पर श्री बिरला ने रेलवे अधिकारियों के साथ मीटिंग कर काम समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने स्टेशन पर निर्माण कार्य में लगे मजदूरों से मुलाकात कर मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि देश के नवनिर्माण में मजदूर वर्ग की मुख्य भूमिका रही है। श्री बिरला ने मजदूरों को उपहार भी दिए।

000

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव संजीव चोपडा ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने इस वर्ष नये सीजन में 2 करोड़ 56 लाख मीट्रिक टन गेंहू की खरीद की है। नई दिल्ली में आज संवाददाता सम्मेलन में श्री चोपडा ने बताया कि सरकार का इस साल के अंत तक 3 करोड़ 12 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि गेहूं की खरीद से जुडी प्रक्रिया अब किसानों के लिए सरल हो गई है क्योंकि उन्हें ऑनलाइन पंजीकरण, समय पर वजन कराने तथा 48 घंटे के अंदर न्यूनतम समर्थन मूल्य के भुगतान की सुविधा मिल रही है।

000

राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी प्रमुख और सांसद हनुमान बेनीवाल ने 2018 में हुई आरएएस परीक्षा की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। आज जयपुर में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2018 की आरएएस परीक्षा में फर्जीवाड़ा हुआ है। इसलिए उसकी जांच करायी जानी चाहिए। उन्होंने एसआई परीक्षा को रद्द करने तथा आरपीएससी को भंग करने की भी मांग की। श्री बेनीवाल ने कहा कि आरपीएससी को भंग किये बिना बेरोजगारों के साथ न्याय नहीं हो सकता।
श्री बेनीवाल ने कहा इन मांगों पर राज्य सरकार कोई ठोस कार्यवाही नहीं करेगी, तो आंदोलन तेज किया जायेगा।

.............

000

सार्वजनिक निर्माण राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने कहा है कि राज्य सरकार सड़कों की गुणवत्ता के साथ किसी तरह का समझौता नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि नई बनने वाली सड़कें अच्छी बनें इस पर ध्यान दिया जा रहा है।
डॉ. बाघमार ने आज झुंझुनूं जिले के चिड़ावा प्रवास के दौरान ये बात कही। उन्होंने अपने प्रवास के दौरान विभागीय योजनाओं और कार्यों की जानकारी दी। डॉ. बाघमार ने कहा कि पुरानी सड़कों की जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि खराब सड़कें बनाने वाले ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

000

आज विश्व मजदूर दिवस है। यह दिन देश की अर्थव्यस्था में कामगारों के योगदान को रेखांकित करने के लिए हर साल एक मई को मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य रखी गई है। इस अवसर पर आज प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। सलूम्बर की जावर माइंस में हुए समारोह में श्रमिकों को सम्मानित किया गया।
मजदूर दिवस के अवसर पर अजमेर जिला दूध उत्पादक सहकारी संघ ने डेयरी बूथ संचालकों को प्रति लीटर दस पैसे की बढ़ोतरी और पांच लाख रुपये तक दुर्घटना बीमा का लाभ देने की घोषणा की। इससे

जिले के लगभग दो हजार आठ सौ बूथ संचालकों को फायदा होगा। झालावाड़ में रोडवेज मुख्यालय के इंटक कार्यालय पर झंडारोहण कर श्रमिक नेताओं ने मजदूर एकता पर ज़ोर दिया। इसी तरह भवानी मंडी और झालरापाटन औद्योगिक क्षेत्र में भी कई कार्यक्रम हुए। जोधपुर में केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में श्रमिक दिवस और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की वर्षगांठ पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई।

000

राजस्थान रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी रेरा एक्ट के आज आठ साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में "रेरा डे" मनाया गया। इस दौरान रेरा की नई वेबसाइट 2.0 का औपचारिक शुभारंभ भी हुआ। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

............

000

प्रदेश के पश्चिमी भागों में भीषण गर्मी और लू से जनजीवन पर व्यापक असर पड़ा है। आज भी बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर तथा जोधपुर जिलों में कहीं–कहीं भीषण लू के हालात रहे। कई स्थानों पर पारा 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर मापा गया। इस बीच, राज्य के कुछ जिलों में दोपहर बाद आंधी चली और कहीं–कहीं बूंदाबांदी भी हुई। भीलवाड़ा, जैसलमेर और चित्तौड़गढ़ में हल्की बारिश हुई, जिससे लोगों को तेज गर्मी से मामूली राहत मिली। झालावाड़ और पाली में बादल छाए रहे।

मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगले 24 घंटों में तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। उसके बाद पारे में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस गिरावट के आसार हैं।

............

000

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने चार मई को आयोजित होने वाली नेशनल एलिजिबिलिटी कम एन्ट्रेंस टेस्ट–नीट यूजी के पंजीकृत अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र अधिकृत वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

000